राजमाता का किरदार निभाना भावनात्मक रूप से समृद्ध अनुभव रहा : पद्मिनी

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे का कहना है कि चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में राजमाता का किरदार निभाना उनके लिये भावनात्मक रूप से समृद्ध अनुभव रहा है. सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक शो 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' अपने दर्शकों को एक बाल सम्राट के निर्माण की रोमांचक कहानी से लगातार बांधे हुए है. दमदार कहानी, भव्य प्रस्तुति और भावनात्मक रूप से परिपक्व किरदारों के माध्यम से यह शो भारत के सबसे प्रतिष्ठित शासकों में से एक के प्रारंभिक जीवन और उन शक्तिशाली महिलाओं पर प्रकाश डालता है, जिन्होंने उनके सफर को आकार दिया. इन सबके बीच, एक मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति है राजमाता की, जिनकी भूमिका निभा रही हैं दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे. अपने अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर पद्मिनी कोल्हापुरे, राजमाता के किरदार में सिर्फ एक अभिनेत्री के तौर पर नहीं बल्कि एक मां के रूप में भी गहराई और आत्मा भरती हैं.

पद्मिनी कोल्हापुरे ने कहा,राजमाता का किरदार निभाना मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से समृद्ध अनुभव रहा है. एक मां जो रानी भी है,जो अपने स्नेह की गर्माहट और राजगद्दी के भार केबीच संतुलन बनाती है. उसमें कुछ बेहद शक्तिशाली है. जब मैं राजमाता के रूप में जीती हूं, अपने जीवन की तुलना उससे करती हूं.

शेफाली जरीवाला की मौत पर मल्लिका ने जताया दुख

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर नो-मेकअप, नो-फिल्टर वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों को बोटॉक्स या फिलर्स का इस्तेमाल न करने को कहा है.

उन्होंने लोगों से आर्टिफिशियल कॉस्मेटिक प्रोसेस से दूर रहने का आग्रह किया और इसके बजाय उन्हें प्राकृतिक चीजों को अपनाने के लिए कहा है. उनका यह पोस्ट कांटा लगा स्टार शेफाली जरीवाला के निधन के दो दिन बाद आया है. सोशल मीडिया पर उनका ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. 42 वर्षीय एक्ट्रेस ने शुक्रवार रात को अंतिम सांस ली.वीडियो में मल्लिका शेरावत ने कहा, आप सभी को सुप्रभात. मैं अभी उठी और सोचा, मैं एक सेल्फी वीडियो बनाऊंगी और इसे आप सभी के साथ शेयर करूंगी. मैंने कोई मेकअप नहीं किया है... मैंने अभी तक अपने बालों को ब्रश भी नहीं किया है; यह पहली चीज है जो मैं कर रही हूं... उन्होंने आगे कहा, मैं यह वीडियो आपके साथ इसलिए शेयर कर रही हूं ताकि हम सब मिलकर बोटॉक्स को ना कह सकें.

'बेपनाह' में नजर आयेंगी निर्मित कौर आहलूवालिया

बिग बॉस फेम और बॉलीवुड अभिनेत्री निर्मित कौर आहलूवालिया, टाइगर श्रॉफ के साथ म्यूज़िक वीडियो 'बेपनाह' में नजर आयेंगी.

म्यूज़िक वीडियो 'बेपनाह' एक एनर्जेटिक और विज़ुअली खूबसूरत डांस नंबर होने वाला है, जिसे खुद टाइगर श्रॉफ ने गाया है. इस गाने को दिवंगत म्यूज़िक डायरेक्टर आदेश श्रीवास्तव के बेटे अवितेश श्रीवास्तव ने लिखा और कम्पोज़ किया है.इस वीडियो में निर्मित नए ग्लैमरस अवतार में नज़र आएंगी, वहीं टाइगर एक बार फिर अपने ज़बरदस्त डांस मूव्स और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस से सभी का दिल जीत लेंगे. इस वीडियो में हाई-फैशन लुक और खूबसूरत कोरियोग्राफी के साथ ग्लैमर का तड़का लगेगा, जिसे फेमस कोरियोग्राफर बॉस्को ने कोरियोग्राफ किया है.

निर्मित कौर आहलूवालिया ने कहा, जब मैंने पहली बार 'बेपनाह' का कॉन्सेप्ट और गाना सुना, मुझे तुरंत यह बहुत अछा लगा. इसमें एक खास एनर्जी और ग्लैमरस फील है, जिसे मैंने पहले कभी एक्सप्लोर नहीं किया था. टाइगर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा. उनके हर शॉट में पैशन और मेहनत देखकर इंस्पिरेशन मिला. मुझे उनकी एनर्जी मैच करनी थी, और इसके लिए मैं कोरियोग्राफर बॉस्को को भी धन्यवाद देना चाहूंगी, उनकी कोरियोग्राफी ने मुझे मेरे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया. यह गाना मेरे लिए खास है क्योंकि यह स्टाइल, रिदम और केमिस्ट्री को सेलिब्रेट करता है. अब मैं बेसब्री से इंतेज़ार कर रही हूं कि सभी लोग स्क्रीन पर हमारी इस जादू को देखें.

आंखों की गुस्ताखियां में काम करना चुनौतीपूर्ण : शनाया कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री शनाया कपूर का कहना है कि फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में काम करना उनकी ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत और सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है.

फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही हैं.संतोष सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का ट्रेलर रिलीज हो गया है. अपनी पहली फिल्म में शनाया ने जो किरदार चुना है, वह आम नहीं, बेहद खास है. शनाया ने इस फिल्म में सबा का किरदार निभाया है, जो एक दृष्टिहीन लड़की है, जो अपने दिल की आंखों से देखती है.

शनाया कपूर ने फिल्म को लेकर कहा, फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में काम करना मेरी ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत और सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है. यह डेब्यू मेरी उम्मीदों से कहीं ज़्यादा स्पेशल है. विक्रांत के साथ काम करना किसी एक्टिंग मास्टरक्लास जैसा रहा ,उन्होंने हमेशा मुझे गाइड और सपोर्ट किया. और संतोष सरज्वो तो एक ड्रीम डायरेक्टर हैं ,शांत, साफ विज़न वाले और हमेशा मोटिवेट करने वाले. हां, थोड़ी नर्वस हूं, लेकिन सबसे ज़्यादा एक्साइटेड हूं कि लोग मेरी पहली फिल्म देखें, जो हमेशा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी.

रणवीर सिंह का अगला धमाका

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को हाल ही में महबूब स्टूडियो में हाई सिक्योरिटी में शूटिंग करते हुए देखा गया.

रणवीर सिंह बॉलीवुड के सबसे जबरदस्त अभिनेता में से एक हैं. उन्होंने अब तक कई हिट फिल्में दी हैं. अब फैंस को यह जानने की बड़ी दिलचस्पी है कि रणवीर अगली बार क्या नया करने वाले हैं. रणवीर सिंह को हाल ही में महबूब स्टूडियो में शूटिंग करते हुए देखा गया.

बताया जा रहा है कि महबूब स्टूडियो में जहां रणवीर सिंह शूटिंग कर रहे हैं, वहां हाई सिक्योरिटी देखी गई है. इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी तक ज़्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, क्योंकि सब कुछ सीक्रेट रखा जा रहा है जब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट ना हो. हालांकि प्रोजेक्ट से जुड़ी डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं, लेकिन ये अपडेट लोगों की उत्सुकता जरूर बढ़ा रहा है.

ऐसा लग रहा है कि रणवीर सिंह महबूब स्टूडियो में किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं. इस वक्त रणवीर अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर में बिजी हैं, जो उनके सबसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में से एक है.

हाल ही में यह भी खबर आई थी कि रणवीर मैडॉक फिल्म्स के साथ उनके बढ़ते हुए हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनने जा रहे हैं.

वॉर 2 के प्रमोशन में एक-दूसरे से दूर रहेंगे ऋतिक और एनटीआर!



यशराज फिल्मस की फिल्म वॉर 2 के प्रचार में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को एक-दूसरे से अलग रखा जायेगा.

यशराज फिल्म्स ने हमेशा अपने स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों के प्रचार के लिए अनोखी और दिलचस्प रणनीतियाँ अपनाई हैं. अब, बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 के प्रचार को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है. कहा जा रहा है कि ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को एक-दूसरे से अलग रखा जाएगा!

वॉर 2 में पहली बार ऋतिक और एनटीआर एक साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे, और दर्शकों के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण होने वाला है. इस तीव्र टक्कर को प्रमोशन के दौरान भी बरकरार रखने के लिए वाईआरएफ ने तय किया है कि दोनों कलाकार कभी भी एक ही मंच पर नजर नहीं आएंगे.

तेनाली रामा के सेट पर धमाल मचाते हैं कृष्णा भारद्वाज

सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' में तेनाली रामा का किरदार निभा रहे कृष्णा भारद्वाज ने बताया कि वह कुनाल करण कपूर के साथ इस शो के सेट पर खूब धमाल मचाते हैं.

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'तेनाली रामा' इन दिनों अपने रोमांचक मिस्ट्री ट्रैक के कारण दर्शकों को खूब पसंद किया जा रहा है. जहां शो में बुद्धिमत्ता और हास्य का मेल देखने को मिलता है, वहीं यह दर्शकों को एक जांचपूर्ण यात्रा पर भी ले जाता है ,जहां तेनाली रामा (कृष्णा भारद्वाज), लक्ष्मणप्पा (कुनाल करण कपूर) और तेज दिमाग वाले कोतवाल (निखिल आर्य) मिलकर पुराने जमाने की चतुराई और तर्कशक्ति से जटिल मामलों को सुलझाते हैं.लेकिन यदि कैमरे के पीछे झांकें, तो वहां का नज़ारा बिल्कुल अलग है .हंसी-ठिठोली, मस्ती भरे पल और एक ऐसी तिकड़ी जो सेट पर मस्ती की जान बन चुकी है. यह तिकड़ी सेट पर गहराई से जांच करते अपने किरदारों के विपरीत, पर्दे के पीछे पूरी मस्ती में डूबी रहती है. कभी हल्की-फुल्की शरारतें करना, कभी मीम्स शेयर करना, तो कभी खुद की गलतियों पर हंसना, इनका आपसी मेलजोल शूटिंग के माहौल को बेहद मजेदार और सहयोगपूर्ण बनाता है.

कृष्णा भारद्वाज ने अपने इस ऑफ-स्क्रीन बॉन्ड के बारे में कहा, कुनाल और मैं सेट पर पूरी तरह धमाल मचाते हैं.जैसे दो शरारती बच्चे जो हमेशा हंसते रहते हैं, मजाक करते हैं, और सबको चिढ़ाते रहते हैं.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी

दुनिया का पहला उड़ने वाला ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार

इंसानों की तरह बोलने, चलने और चीजें उठाने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट अब उड़ भी सकते हैं. इटली के वैज्ञानिकों ने ऐसा कर दिखाया है. इटालियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने दुनिया का पहला जेटपैक-संचालित ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया है, जिसका नाम है आयरनकब Mk3. मासूम बच्चे जैसे चेहरे और छोटे कद वाला यह रोबोट अब न सिर्फ ज़मीन पर चल सकता है, बल्कि हवा में उड़ान भी भर सकता है.

आयरनकब MK3 को चार थ्रस्टर्स की मदद से उड़ाया गया—दो पीठ पर लगे जेटपैक में और दो हाथों की जगह पर. इसका कुल वजन करीब 22 किलोग्राम है और इसमें लगे टर्बाइन्स 1000 न्यूटन से अधिक का थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं, जो इसे हवा में स्थिर बनाए रखते हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक, इन टर्बाइनों से निकलने वाली गर्म हवा का तापमान 800 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, इसलिए रोबोट की बॉडी को विशेष हीट-रेसिस्टेंट मटीरियल से तैयार किया गया है. वैज्ञानिकों का मानना है कि आयरनकब MK3 सिर्फ अनुसंधान के लिए नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन, बचाव, जलमग्न इमारतों, परमाणु और रासायनिक दुर्घटनाओं जैसे खतरनाक क्षेत्रों में भी मानव सहायता के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है.

इथोपिया में जमीन के नीचे वैज्ञानिकों ने सुनी धड़कन

वैज्ञानिकों ने एक नई रिसर्च में पाया है कि अफ्रीका में धरती के नीचे इंसानी दिल की धड़कन %धक-धक% जैसे हलचल महसूस हो रही है. यह हलचल पूर्वी अफ्रीका के देश इथियोपिया के अफार क्षेत्र की जमीन के नीचे हो रही है, जो अफ्रीका को धीरे-धीरे दो हिस्सों में बांट सकती है. वैज्ञानिकों ने अपनी लंबी रिसर्च के बाद कहा है कि जमीन के नीचे से की ये हलचल भविष्य में महाद्वीप को चीरते हुए एक नया महासागर बना देंगी. हालांकि ऐसा होने यानी नया महासागर बनने में लाखों वर्ष लग सकते हैं.

साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय की रिसर्च टीम ने पाया है कि इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नीचे पिघला हुआ मैग्मा ऊपर की ओर दबाव डाल रहा है. इसी दबाव को धड़कन की तरह से महसूस किया जा रहा है और इस हलचल से महाद्वीप टूट रहा है. रिसर्च बताती है कि अफ्रीका की जमीन के नीचे बढ़ रहा ये दबाव भविष्य में इसकी भौगोलिक स्थिति बदल देगा. यानी इससे एक नया महासागर बन सकता है. अफ्रीकी देश इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नीचे की परत और मेंटल का अध्ययन करने वाली टीम का कहना है कि टेक्टोनिक प्लेटें जब एक दूसरे से दूर हटती हैं, तो जमीन खिंचती है और पतली होती जाती है. इस प्रक्रिया के लगातार चलने पर लाखों वर्षों में जमीन टूटकर अलग हो सकती है. ऐसे में एक नए महासागर बेसिन का निर्माण हो जाएगा.

व्हाट्सएप का नया डॉक्यूमेंट स्कैनिंग फीचर

वॉट्सऐप भारत में सबसे ज़्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले इंस्टेंट मैसेजिंग प्लैटफ़ॉर्म में से एक है. वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए कई ऐसे नए फीचर को लाता है जिससे चैटिंग और भी मजेदार हो जाती है. व्हाट्सएप एंड्रॉयड यूज़र्स के लिए एक नए इन-ऐप डॉक्यूमेंट स्कैनिंग फ़ीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जिससे वे ऐप के कैमरे का इस्तेमाल करके सीधे डॉक्यूमेंट स्कैन कर सकेंगे. यह फ़ीचर फिलहाल चुनिंदा यूज़र्स के लिए एंड्रॉयड वर्जन 2.25.19.21 के लिए व्हाट्सएप बीटा के ज़रिए उपलब्ध है. इसी तरह का फ़ीचर ह्वह्स पर कई महीनों से उपलब्ध है.

डॉक्युमेंट स्कैन होगा आसान- व्हाट्सएप का नया फीचर डॉक्यूमेंट शेयर करना और भी आसान बना देता है. अब आपको डॉक्यूमेंट स्कैन करने के लिए किसी थर्ड-पार्टी ऐप की जरूरत नहीं होगी. इस फीचर में व्हाट्सएप के अंदर ही एक नया ऑप्शन आता है -Scan Document. जब आप इस पर टैप करते हैं, तो कैमरा खुलता है और आप सीधे किसी भी डॉक्यूमेंट की फोटो ले सकते हैं. फोटो लेने के बाद व्हाट्सएप खुद उस इमेज को स्कैन करता है और उसे ब्बख्स फॉर्मेट में बदल देता है. फिर आप उस फाइल को तुरंत किसी भी पर्सनल चैट या ग्रुप में भेज सकते हैं. ये पूरा प्रोसेस आपके फोन पर ही होता है और इसमें ठ्ठस्रह्शद्बस्र का इनबिल्ट स्कैनिंग टूल इस्तेमाल होता है.

कब और कहां मिलेगा नया ऑप्शन?- जब आप व्हाट्सएप में attachment आइकन पर क्लिक करेंगे, तो अब आपको Browse Documents और Choose from Gallery के साथ-साथ एक नया ऑप्शन Scan Document भी दिखेगा. इस पर क्लिक करते ही आपका फोन कैमरा खुलेगा, जिससे आप डॉक्युमेंट की तस्वीर खींचकर उसे तुरंत शेयर कर सकेंगे.

जुलाई में लॉन्च होने वाले मोबाइल फोन

2025 आधा बीत चुका है और अब जुलाई महीने के साथ साल का सेकेंड हाफ शुरू हो रहा है. मानसून में बारिश की झड़ी के साथ ही मोबाइल मार्केट में भी नए स्मार्टफोंस की बरसात होने जा रही है. मजे की बात है कि इस बार हाईएंड स्पेसिफिकेशन्स वाले फ्लैगशिप स्मार्टफोन की भी भरमार है. सिर्फ इतना ही नहीं नए फोल्डेबल स्मार्टफोन भी आ रहे हैं.

नथिंग फोन (3) - जुलाई की शुरुआत नथिंग फोन (3) से होगा जो 1 जुलाई को भारत में लॉन्च होगा. यह फोन का ग्लोबल ईवेंट होगा जिसके मंच से मोबाइल पूरी ?दुनिया में दस्तक देगा. पहले वालों की ही तरह यह नथिंग फोन भी ट्रांसपेरेंट डिजाइन पर बनाया जाएगा. इसमें कस्टमाइजेबल Glyph Matri& मिलेगा और डिजाइन में LED लाइट्स लगी होगी. यह मोबाइल Snapdragon 8s Gen 4 प्रोसेसर और 12GB RAM पर लॉन्च हो सकता है. उम्मीद कर सकते हैं कि यह स्मार्टफोन 40 हजार रुपये तक की रेंज में लाया जा सकता है.

वनप्लस नोर्ड 5- वनप्लस नोर्ड 5 5जी फोन 8 जुलाई को भारत में लॉन्च होगा. इसका रेट 30 हजार रुपये की रेंज में रखा जा सकता है. सामने आई जानकारी के अनुसार इस स्मार्टफोन को 12GB RAM और Snapdragon 8s Gen 3 प्रोसेसर पर लाया जाएगा. इस मोबाइल में 16MP Selfie कैमरा के साथ 50MP OIS डुअल रियर कैमरा मिल सकता है. पावर बैकअप के लिए नोर्ड 5 5जी फोन को 80W फास्ट चार्जिंग तकनीक के साथ ही तगड़ी 6,650mAh बैटरी सेलैस किया जा सकता है.

ओपो रेनो 14 - ओपो रेनो 14 प्रो भी इंडिया लॉन्च के लिए तैयार है. यह मोबाइल मीडियाटेक डाइमेंशनिटी 8450 चिपसेट के साथ एंट्री ले सकता है जिसमें 12GB RAM मिलेगी. फोटोग्राफी के लिए इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप लगा है और तीनों ही सेंसर 50 मेगापिक्सल के हैं. इसी तरह फ्रंट पर भी 50 मेगापिक्सल सेल्फी सेंसर दिया गया है.